(ख) क्या सरकार का विचार सार्वजनिक हित को ध्यान में रखते हुए निकट भविष्य में ऐसी एक विमान सेवा आरम्भ करने का है और यदि हां, तो कब ?

पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री (डा० कर्ण सिंह) : (क) और (ख). विमानों की कमी के कारण, इण्डियन एयरलाइंस मुजफ्फरपुर के लिए विमान सेवा की व्यवस्था करने में असमर्थ रही है। सितम्बर, 1971 से इण्डियन एयरलाइन्स द्वारा आदेश दिये गए अतिरिक्त एच०एस०-748 विमान प्राप्त हो जाने पर, स्थिति में सुधार हो जायेगा।

कोठारी आयोग की सिफारिश की क्रियान्वित

209. **श्री कमल मिश्र मधुकर** : क्या **शिक्षा तथा समाज कल्याण** मन्त्री यह बताने कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार ने विभिन्न राज्यों से पूछताछ की है कि शिक्षकों के वेतनमानों के सम्बन्ध में कोठारी आयोग की सिफारिशें किस हद तक क्रियान्वित की गई है, यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ख) यदि नहीं, तो क्या सरकार निकट भविष्य में राज्य सरकारों से उक्त जानकारी प्राप्त करेगी ; और

(ग) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं तो उसके क्या कारण हैं ?

शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्री (श्री सिद्धार्थ शंकर राय) : (क) जी हां, 1970-71 में एकत्र की गई सूचना के अनुसार, असम, बिहार, हरियाणा, नागालैंड, हिमाचल प्रदेश, पंजाब और पश्चिम बंगाल की सरकारों ने, कोठारी आयोग द्वारा अध्यापकों के लिए सिफारिश किए गए वेतनमानों को मामूली परिवर्तनों के साथ अपना लिया है, अन्य राज्य सरकारों ने भी अध्यापकों के वेतनमानों में सुधार किया है, किन्तु वित्तीय साधनों की कमी के कारण आयोग द्वारा सिफारिश की गई सीमा तक नहीं। तीन विवरण, जिनमें विभिन्न राज्यों में अध्यापकों के वेतनमान दिखाए गए हैं, सभा पटल पर रख दिये गए हैं। [**ग्रन्थालय में रखे गये। देखिये** संख्या LT—102/71]

(ख) और (ग). प्रश्न नहीं उठता।

उत्तर प्रदेश द्वारा शिक्षा आयोग की सिफारिशों का क्रियान्वित किया जाना

210. **श्रीमती सुशीला रोहतगी** : क्या **शिक्षा तथा समाज कल्याण** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि शिक्षा आयोग ने अध्यापकों को समान वेतनमान दिए जाने की सिफारिश की थी ;

(ख) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश में अध्यापकों के वेतनमान अन्य राज्यों के अध्यापकों से कम है ; और

(ग) यदि हाँ, तो क्या सरकार का विचार इन सिफारिशों को तत्काल क्रियान्वित करने है ?

शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्री (श्री सिद्धार्थ शंकर राय) : (क) और (ख). जी हां।

(ख) इस मामले पर उत्तर प्रदेश सरकार के साथ बातचीत की जा रही है। उसका विचार सरकारी तथा स्थानीय निकाय कर्मचारियों तथा स्कूल अध्यापकों के लिए, एक वेतन-आयोग स्थापित करने का है।

Upgradation of Ranchi and Jamshedpur

211. SHRI P. K. GHOSH : Will the Minister of FINANCE be pleased to state :

(a) whether there is any proposal to upgrade the cities of Ranchi and Jamshedpur ;